# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, **N.H. 24** शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्याः 7965 / M-16 / 211 दिनांकः 31/08/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

**विषयः— दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन की टंकी की दीवार दो बार टूटी : मलबा गिरने से नाली चोक, पानी बाधित '' शीर्षक के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसके द्वारा दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **''जल जीवन मिशन की टंकी की दीवार दो बार टूटी : मलबा गिरने से नाली चोक, पानी बाधित ''**की जाँच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

निर्देशों के अनुपालन में दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **''जल जीवन मिशन की टंकी की दीवार दो बार टूटी : मलबा गिरने से नाली चोक, पानी बाधित ''** के क्रम में सादर अवगत कराना है कि उपरोक्त प्रश्नगत पेयजल योजना विकास खण्ड बिसवां की ग्राम पंचायत महमदापुर से सम्बन्धित है।

महमदापुर पाइप पेयजल योजना अनुबन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा निर्माणाधीन है। प्रश्नगत खबर के बारे में अवगत कराना है कि बाउण्ड्रीवाल के बगल में स्थित मकान का बारिश का पानी गृह स्वामी द्वारा लगातार जल कल परिसर की तरफ गिराया जा रहा है। पूर्व में बारिश के पानी का समुचित रख—रखाव करने व गृह स्वामी को उनका बारिश का पानी बाउण्ड्रीवाल, जल कल परिसर की तरफ न गिराने हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु गृह स्वामी द्वारा निर्देशों की अवहेलना करते हुए लगातार जल कल परिसर में बाउण्ड्रीवाल पर पानी गिराया गया जिसके कारण मृदा के बैठ जाने के कारण बारिश के दौरान बाउण्ड्रीवाल का कुछ भाग क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। जिसके पुनः निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत योजना में जलापूर्ति हो रही है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक— उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**
**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्यो को फर्म के माध्यम से पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति प्रदान कराना सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यो को पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, **N.H. 24** शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्याः 7965 / M-16 / 211 दिनांकः 31 /08 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः— **दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन की टंकी की दीवार दो बार टूटी : मलबा गिरने से नाली चोक, पानी बाधित '' शीर्षक के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसके द्वारा दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **''जल जीवन मिशन की टंकी की दीवार दो बार टूटी : मलबा गिरने से नाली चोक, पानी बाधित** ''की जाँच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

निर्देशों के अनुपालन में दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **''जल जीवन मिशन की टंकी की दीवार दो बार टूटी : मलबा गिरने से नाली चोक, पानी बाधित** '' के क्रम में सादर अवगत कराना है कि उपरोक्त प्रश्नगत पेयजल योजना विकास खण्ड बिसवां की ग्राम पंचायत महमदापुर से सम्बन्धित है।

महमदापुर पाइप पेयजल योजना अनुबन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा निर्माणाधीन है। प्रश्नगत खबर के बारे में अवगत कराना है कि बाउण्ड्रीवाल के बगल में स्थित मकान का बारिश का पानी गृह स्वामी द्वारा लगातार जल कल परिसर की तरफ गिराया जा रहा है। पूर्व में बारिश के पानी का समुचित रख—रखाव करने व गृह स्वामी को उनका बारिश का पानी बाउण्ड्रीवाल, जल कल परिसर की तरफ न गिराने हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु गृह स्वामी द्वारा निर्देशों की अवहेलना करते हुए लगातार जल कल परिसर में बाउण्ड्रीवाल पर पानी गिराया गया जिसके कारण मृदा के बैठ जाने के कारण बारिश के दौरान बाउण्ड्रीवाल का कुछ भाग क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। जिसके पुनः निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत योजना में जलापूर्ति हो रही है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक— उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्यो को फर्म के माध्यम से पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति प्रदान कराना सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यो को पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

6:51

दीवार का मलबा गिरने से जल निकासा की नाली पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई है। इसका परिणाम यह हुआ है कि जिन ग्रामीणों को पहले टंकी से पानी मिल पा रहा था, उन्हें भी अब पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।


टंकी की देखरेख कर रहे केयरटेकर बलराम कुमार ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को दीवार टूटने और नाली चोक होने की सूचना दी है। अधिकारियों ने जल्द ही नाली साफ करवाने का आश्वासन दिया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

परियोजना के तहत जहां पाइपलाइन बिछाई गई थीं, वहां रास्ते खुले पड़े हैं। बारिश के मौसम में इन खुले रास्तों और नालियों के बीच अंतर कर पाना मुश्किल हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भी परेशानी होती है।

महमदापुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से अपनी समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई है। इस दौरान देशराज यादव, दयाराम नाग, राम कुमार यादव, जय नारायण यादव, रामेश्वर यादव, अरविंद दीक्षित, ओम प्रकाश शुक्ला, अंबिका रस्तोगी, हरेश यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।




6:51 53%






खबरें और भी हैं...


**सीतापुर में जर्जर सड़क पर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन: 4 साल से जर्जर सड़क की नहीं हुई मरम्मत, गड्ढों में पानी भरने से लोगों में आक्रोश**




6:51 53%

## जल जीवन मिशन की टंकी की दीवार दो बार टूटी: मलबा गिरने से नाली चोक, पानी बाधित


ललित शुक्ला | बस्ती खरैला (बिसवां), सीतापुर | 6 घंटे पहले



शेयर

जनपद सीतापुर के विकासखंड बिसवां स्थित महमदापुर ग्राम पंचायत के रमईपुर में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी की बाउंड्री वॉल एक साल में दो बार टूट गई है। इस लापरवाही के कारण जल निकासी की नाली चोक हो गई है, जिससे ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

यह टंकी 291.14 लाख रुपये की लागत से बनाई गई थी। हालांकि, इसकी पाइपलाइन का पानी अभी तक ग्राम सभा के सभी गांवों तक नहीं पहुंच पाया है। टंकी के चारों ओर बनी बाउंड्री वॉल का बार-बार टूटना परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल उठाता है।


GPS Map Camera
महमदपुर, उत्तर प्रदेश, भारत
Gwq3+cmc, महमदपुर, उत्तर प्रदेश 261207, भारत
Lat 27.537703° Long 80.903659°
शनिवार, 29/08/2026 11:04 AM GMT +05:30
Google